तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 जिले में धान के बदले अन्य फसलों के लिए किसानों ...


12 सिरपुर क्षेत्र में 3 हाथियों की धमक, गांवों में अलर्ट


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

# बारिश के बाद खरीफ के लिए 1.5230 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आषाढ़ माह के शुरुआत के साथ हुई अच्छी बारिश के बाद फसलों की बुआई तेज हो गई और किसान अपने खेतों में ट्रैक्टर, हल और कृषि यंत्रों के साथ किसानी कार्य में जुटे हैं। बता दें कि जिले में खरीफ फसल के लिए 2 लाख 59 हजार 359 हेक्टेयर में बुआई का लक्ष्य रखा गया है। इसके मुकाबले अब तक 1 लाख 52 हजार 30 हेक्टेयर में बुआई हो सकी है। बारिश से पूर्व सबसे अधिक असर धान की खेती पर दिखाई दे रहा था और मानसून की बेरूखी से किसान चिंता में थे। लेकिन, जुलाई माह के शुरूआत में झमाझम बारिश के बाद खरीफ फसल की बुआई ने रफ़्तार पकड़ी। हालांकि धान को छोड़कर कर अन्य फसलों की बुआई का रकबा कम है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में धान, मक्का, मूंगफली, उड़द, मूंग, अरहर तथा तिल जैसी खरीफ फसलों की बुआई तेजी से जारी है। जिन क्षेत्रों में पहले पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान इंतजार कर रहे थे, वहां भी अब खेतों में काम शुरू हो गया है। पर्याप्त नमी मिलने से बीजों के अंकुरण की संभावना बेहतर मानी जा रही है, जिससे इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञ किसानों को प्रमाणित बीजों का उपयोग करने, संतुलित मात्रा में उर्वरक डालने तथा खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं।

## घटा अन्य फसलों का रकबा, दलहन-तिलहन की भी बुआई कार्य जारी

### बारिश अच्छी तो बढ़ेगा उत्पादन

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश ने खेती की चिंता काफी हद तक दूर कर दी है। यदि आगामी दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहा तो जिले में खरीफ फसलों का रकबा बढ़ने के साथ उत्पादन में भी वृद्धि होने की संभावना है।



### बारिश की देरी से रोपाई पिछड़ी

जानकारी के अनुसार इस साल बारिश की देरी से धान का रोपा पिछड़ गया है। इस साल जिले में 53 हजार 601 हेक्टेयर में धान का रोपा होना था, जिसके ऐवज में अभी तक 845 हेक्टेयर में ही रोपा हुआ है।

## अभियान : अधिकारी ने कहा- तकनीकी कारणों से अभियान धीमा, नए सिरे से करेंगे काम

# 1.78 लाख में से महज 30 हजार वाहनों में ही लगे एचएसआरपी, अनिवार्यता का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए जाने की अनिवार्यता के बावजूद इस अभियान के शुरु होने के डेढ़ साल बाद भी अब तक केवल 30 हजार वाहनों में ही इन अनिवार्यता का पालन हो पाया है। बता दें कि जिले में 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया गया है।

परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले के करीब 1.78 लाख पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगनी थी। लेकिन, अब तक महज 30 हजार वाहनों में ही यह नंबर प्लेट लग सकी है। यानी कुल लक्ष्य का केवल 16 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। परिवहन विभाग की मानें तो इस मामले में उदासीन वाहन मालिकों के खिलाफ यातायात पुलिस के साथ संयुक्त विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि तकनीकी समस्याओं, वाहन स्वामियों की लापरवाही तथा अब तक प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण अभियान की गति धीमी रही, लेकिन अब इसे फिर से तेज किया जाएगा।


फाइल फोटो

जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला की मानें तो कुछ तकनीकी कारणों से अभियान की गति धीमी हुई। लेकिन, अब इसे नए सिरे से शुरू से किए जाने की तैयारी है। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

### वाहन मालिकों को मिलने वाली सुविधा होगी प्रभावित

परिवहन विभाग के अनुसार 2019 से पहले के जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी होगी, उनके लिए कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित होंगी। ऐसे वाहन मालिक वाहन बेचने, स्वामित्व परिवर्तन, पता परिवर्तन, आरसी में संशोधन, फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, टैक्स जमा करने सहित अन्य ऑनलाइन परिवहन सेवाओं का लाभ नहीं ले सकेंगे। विवरण वाहन पोर्टल पर अपडेट होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके अलावा अब एच एस आर पी नहीं होने पर ऑनलाइन चालान भी जारी किया जा सकता है।

# पुलिस ने की छापामार कार्रवाई, घुंचापाली के जंगल में जुआ खेलते 12 गिरफ्तार, 4 फरार

## जुआ फड़ से नगद समेत 20 लाख से ज्यादा का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घुंचापाली के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर छापा मारकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं चार लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम समेत 20 लाख रुपए से ज्यादा का सामान बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुआ एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

बागबाहरा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम घुंचापाली चंडी मंदिर के पीछे जंगल में जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छापा मारा। जहां से 12 लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया, वहीं चार लोग मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम राम लाल पिता सोभू राम निषाद (42 वर्ष) जामगांव थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, रमाकांत पिता राजेश कुमार शुक्ला (36 वर्ष) वार्ड नं 10 ग्राम झलप थाना पटेवा जिला महासमुंद, कादिर खान पिता याकूब खान (38 वर्ष) कोमाखान जिला महासमुंद, विनय सिंह पिता जगनारायण सिंह राजपूत (41 वर्ष) जोगीडीपा थाना पटेवा जिला महासमुंद, शंभू लाल यादव पिता भुखन यादव (50 वर्ष) मधुबन थाना पटेवा जिला महासमुंद, केशव देवांगन पिता ऋषि देवांगन (37 वर्ष) जोगीडीपा थाना पटेवा जिला महासमुंद, प्रेम लाल पटेल पिता माखन लाल पटेल (45 वर्ष) वार्ड नं 06 पटेवा थाना पटेवा जिला महासमुंद, खेम राज जैन उर्फ राजू जैन पिता तेजमल जैन (37 वर्ष) कोमाखान थाना कोमाखान जिला महासमुंद, यशवंत साहू पिता खेमा राम साहू (40 वर्ष) घुंचापाली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, सतीश कुमार चंद्राकर पिता खेमा राम चंद्राकर (55 वर्ष) वार्ड नं 12 तेंदूलोथा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, किशन कोसरिया पिता राजेंद्र कोसरिया (35 वर्ष) वार्ड नं 15 झलप थाना पटेवा जिला महासमुंद, ललित कुमार निषाद पिता समारोह राम निषाद वार्ड नं 05 ग्राम सिंघनपुर थाना पटेवा जिला महासमुंद होना बताया।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे नगदी रकम 3,60,100 रुपए, 05 नग बाइक कुल कीमत 2,20,000, 2 नग कार कीमत 12,90,000 रुपए, 14 नग मोबाईल फोन कुल कीमत 1,65,000 रुपए कुल कीमत 20,35,100 रुपए को बरामद किया। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में बताया कि उन लोगों को खेमराज जैन उर्फ राजू जैन कोमाखान ने जुआ खेलने के लिए बुलाया था। साथ ही बताया कि पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे योगेश साहू जुनवानी, सदानंद चंद्राकर भालूचुंआ, हरदेव चंद्राकर घुंचापाली, ललित पटेल दलदली चौकी बया जिला बलौदाबाजार फरार हो गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022, 112 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लमकेनी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर् दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत कुमार दीवान ने बताया कि 13 जुलाई की सुबह उसके घर की महिलाओं का विवाद टीकम सेन की मां के साथ हुआ था। इसी दिन शाम को टीकम सेन एवं मन्नू सेन ने आकर मां, पत्नी और मेरे साथ मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं टीकम सेन ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को हेमंत दीवान के परिवार द्वारा विवाद किए जाने की सूचना मिलने पर वह रायपुर से लमकेनी आया। शाम करीब 06.30 बजे हेमंत दीवान और लाम्हीन दीवान से उसने विवाद को लेकर पूछताछ की। इस पर हेमंत और लाम्हीन मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** मानसिक रूप से कमजोर एक युवती की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। बसना पुलिस को जगदीश पटेल पिता अंतोक पटेल (58 साल) बागमाड़ा चौकी भंवरपुर ने बताया कि उसकी भतीजी कीर्ति बाई पटेल जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसे 12 जुलाई की रात को ग्राम बोईरडीह के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एमओटी, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पिथौरा जनपद के सर्वर रूम में चोरी

**महासमुंद।** जनपद पंचायत पिथौरा कैंपस के बीएमसी सर्वर रूम में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पिथौरा थाने में दिए आवेदन में जनपद पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएल बरिहा ने पुलिस को बताया कि जनपद पंचायत पिथौरा कैंपस में बीएमसी सर्वर रूम संचालित है। जहां से छह जुलाई के 6 बजे से सात जुलाई 09:30 बजे के बीच 6 नग बैटरी, 1 यूपीएस, 01 जनरेटर, बैटरी कीमत 80000 रुपए और महिंद्रा डीजी जनरेटर की बैटरी 1 नग पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 3000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सरपंच और उसके पति के साथ जातिसूचक गाली गलौज

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा की सरपंच और उसके पति के साथ जाति सूचक गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में जुर्म किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पचेड़ा की सरपंच श्यामबाई टंडन और उसके पति जितेंद्र टंडन 12 जुलाई की रात 7-8 बजे के साथ आरोपी खिलावन दुबे ने घर घुसकर जातिसूचक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 331(3), 296, 351(3) बीएनएस, 3(1)(ध) एससीएसटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### देवलगढ़ में मजदूर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम देवलगढ़ में मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी कार्तिकराम बरिहा ने पुलिस को बताया कि वह 13 जुलाई 2026 को रात्रि करीबन 08 बजे गांव का पुनीत भोई उसके घर आया और दवा लेने साथ नहीं जाने की बात पर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दस लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम खुरदरहा टुकड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से शराब जब्त किया। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम खुरदरहा टुकड़ा में आरोपी सुकेंद्र जांगड़े के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444



खबर संक्षेप

## शिवसेना ने अस्मिता की आवाज़ की मजबूत

**रायपुर।** 14 जुलाई 1984 को छत्तीसगढ़ में शिवसेना का गठन किया गया। स्थापना के बाद से ही संगठन लगातार लोगों के अधिकार, सम्मान एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए संघर्ष करता आ रहा है। यह जानकारी सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में शिवसेना के प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े ने दी। 43 साल जनता की सेवा का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की मांग को लेकर हम भोपाल, दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर आंदोलन एवं प्रदर्शन आयोजित करते रहे। इसी क्रम में दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मोर्चा निकाला। इसने छत्तीसगढ़ी अस्मिता एवं स्वाभिमान की आवाज़ को मजबूती प्रदान की।

## हज कमेटी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पेश किया आब-ए-जमजम और खजूर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हज के तहत हजयात्रा पर गए सभी हज यात्रियों की सकुशल वापसी और हजयात्रा के सफलतापूर्वक पूरा होने पर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर हजयात्रा का तबर्रुक (प्रसाद) पवित्र जल आब-ए-जम जम एवं ख़जूर प्रदान किया। श्री बेग ने हज 2026 हेतु प्रदेश के हज यात्रियों के लिए की गई समुचित व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के हजयात्रियों द्वारा देश एवं प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी विशेष रूप से दुआएं की गई। उन्होंने बताया कि संपूर्ण हजयात्रा में राज्य के किसी भी हजयात्री को कोई परेशानी नहीं हुई।

## राज्य महिला आयोग की सुनवाई में पीड़िताओं के साथ किया न्याय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई के प्रति प्रदेश की जनता का विश्वास बढ़ा है। इसके पीछे उनकी सुनवाई में दोनों पक्षों को दी गई प्राथमिकता, मामले की गंभीरता को देखते हुए लिए गए निर्णय से महिलाएं न्याय के लिए आयोग में पहुंचती हैं। 6 साल में नखदंत युक्त शेर बनाए गए महिला आयोग को छत्तीसगढ़ में पहचान देने का दायित्व अपने कार्यकाल में बखूबी निभाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी साझा करने का अवसर कई कारणों से खास भी है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुछ इसी तरह से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब हुईं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में 23 जुलाई 2020 से 22 जुलाई 2023 तक पहला कार्यकाल तीन साल का रहा।

## शेख समी ने दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

**रायपुर।** शेख समी उर रहमान ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पद भार



सोमवार को डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव से ग्रहण किया। पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव का स्थानांतरण रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर हुआ है। शेख समी उर रहमान 2015 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। रहमान भारतीय रेलवे परिचालन सेवा (आईआरटीएस) के 2015 बैच के अधिकारी है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पौधारोपण अभियान का आयोजन

## पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन महासमुंद व थाना परिसर खल्लारी में एकता पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन व थाना परिसर खल्लारी में 100 से अधिक संख्या में पौधरोपण किया। एकता वृक्ष अभियान के तहत आज रक्षित केंद्र महासमुंद में पौधरोपण किया गया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महासमुंद चुन्नू तिग्गा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बागबाहरा अजय शंकर त्रिपाठी, रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप एवं जिला बल व छसबल के करीब 80 जवानों ने पुलिस लाइन में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं जनसहभागिता का संदेश दिया। अभियान के दौरान पुलिस राजपत्रित अधिकारी सहित जवानों मिलकर फलदार पौधे आम, जाम, सीताफल, रामफल, जामून एवं छायादार पौधे नीम, करंज व कदम के बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महासमुंद चुन्नू तिग्गा ने उपस्थित जवानों एवं आम नागरिकों को संदेश देते हुए कहा की भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर लगाए गए ये एकता वृक्ष आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। प्रत्येक पौधे की देखभाल का संकल्प लेते हुए सभी पुलिस अधिकारी व जवानों ने इन्हें नियमित रूप से सुरक्षित एवं विकसित करने का भी वचन दिया। वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ हवा, जल संरक्षण, जैव विविधता और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। थाना परिसर खल्लारी में चुन्नू तिग्गा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महासमुंद, थाना प्रभारी सचिन गुमाश्ता एवं थाना स्टाफ द्वारा संपूर्ण थाना परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया है।

रोपाई कार्य..



**अरंड (पिथौरा)।** बारिश के बाद कृषि कार्य में तेजी आई है। ग्राम लामीडीह के किसान शिवलाल विश्वकर्मा एवं रामप्रसाद विश्वकर्मा के खेत में धान रोपाई करते आनंद राम मुंडा, दिलीप मुंडा, प्रेम लाल मुंडा, गोकुल मुंडा, सरिता, मथुरा, सुखदाई, अंजनी, रामेश्वरी, सामंती, बैशाखिन, रेखा, सुकातिन।

# शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन, लकेश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



ग्राम गड़बेड़ा स्थित शहीद प्रमोद कुमार पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। गठन को लेकर आयोजित बैठक में लकेश साहू को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर साहू समिति के सचिव तथा व्याख्याता रमेश कुमार प्रजापति को कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए।

समिति की उपाध्यक्ष कविता निर्मलकर बनाई गईं। शिक्षाविद सदस्य के रूप में प्रीतम साहू तथा भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में महेश्वर पटेल को मनोनीत किया गया। शिक्षक सदस्यों में नंदकुमार चौधरी, तुलसी ध्रुव, महेंद्र निषाद, भगवान दास यादव, नारायण यादव, कीर्तन साहू, रामेश्वर देवदास, सुशीला महाजन, प्रीति साहू, संगीता महाकर, जानकी ध्रुव एवं संतोषी निषाद को शामिल किया गया। समिति गठन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गड़बेड़ा की सरपंच बूंदाबाई नायक, वरिष्ठ नागरिक लालाराम नाग तथा संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शासन के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अतिथियों एवं नवगठित समिति के पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि समिति के सहयोग से विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत विकास को नई दिशा मिलेगी।

# गरीबों का घर उजाड़कर आशियाना स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विधायक निवास का घेराव कर रखी अपनी मांगें

नकटी गांव के प्रभावित गरीबों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी ने जिले में चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। इस कड़ी में स्थानीय धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के निवास का घेराव किया गया। आप नेताओं ने कहा कि गरीबों के घर उजाड़कर विधायक कॉलोनी का निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जनप्रतिनिधियों का सम्मान जनता के विश्वास से होता है, गरीबों का आशियाना छीनकर नहीं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है और जब तक सभी विस्थापित परिवारों को न्याय, सम्मान, पुनर्वास और उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक पार्टी लोकतांत्रिक संघर्ष सड़क पर पूरी ताकत के साथ जारी रखेगी।



### सुनिश्चित हो अधिकारों की रक्षा

आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए।चरागाह भूमि पर प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। गरीब, मजदूर, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। आम आदमी पार्टी के रायपुर जिलाध्यक्ष नवनीत नन्दे और रायपुर यूथ विंग जिलाध्यक्ष विकास दास मानिकपुरी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर अजीम खान, इमरान खान, शिव शर्मा, संजय गुप्ता, अनुराधा शुक्ला, सागर क्षीरसागर, मिथलेश साहू सहित आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जांच के नाम पर सीधे-साधे लोगों को पुलिस कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दोस्त को रेलवे स्टेशन से छोड़कर आ रहे युवक को पूरी रात थाने में बैठाया

आपराधिक घटना रोकने पुलिस लगातार जांच करने के साथ संदिग्धों की पड़ताल कर रही है। बावजूद इसके राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपराध करने के साथ राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने की जगह आम लोगों को पूछताछ करने के नाम पर पूरी रात थाने में बैठकर प्रताड़ित कर रही है। साथ ही उनका मोबाइल जब्त कर परिजनों से बात करने नहीं दे रही। ऐसा ही एक प्रकरण दो दिन पहले गोलबाजार थाने में देखने को मिला।

पेशे से पत्रकार आरिफ खान ने बताया कि उनका बेटा शनिवार देर रात पुणे से आए अपने दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था। वापसी के दौरान गोलबाजार थाना के सामने दो सिपाहियों ने उसके बेटे को रोक कर किसी तरह की पूछताछ करने के बजाय उसकी




गाड़ी की चाबी निकाल कर मोबाइल छीन लिया और पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। आरिफ के बेटे ने मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने परिजनों से बात कराने की बात कही, तो पुलिकर्मियों ने उसे दूसरे दिन अपने परिजनों से बात करने की बात कह कर डांटकर पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। इस दौरान परिजन अपने बेटे को लेकर पूरी रात परेशान होते रहे। पीड़ित के पिता ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि किसी भी आम शहरी को बेवजह परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बोरियाखुर्द नहर रोड में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, नींव तोड़कर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 10 कमिश्नरी ने लिया संज्ञान

बोरियाखुर्द नहर रोड में करीब 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम जोन 10 अमले ने स्थल पर पहुंचकर निर्मित की गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर तत्काल रोक लगाई, साथ ही स्थल पर अवैध नींव को तोड़ा।

निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सुशील अहीर,ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। जोन 10 नगर निवेश विभाग नेतहसील कार्यालय में तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के वास्तविक भूमि स्वामी के सम्बन्ध में जानकारी देने पत्र लिखा है।

**पंडरी में नाले पर निर्मित अवैध पाटे तोड़े :** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडरी में हॉटल पुनीत एवं उसके आसपास दुकानों के सामनू नाले अवैध कब्जा कर बनाए गए पाटों निगम अमले ने जेसीबी मशीन से तोड़ा। आधा दर्जन से अधिक अवैध पाटो को जेअभियान चलाकर तोडने एवं सफाई की बाधा हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग द्वारा की गई। अवैध पाटों के कारण सफाई पूरी तरह बाधित हो चुकी थी एवं बारिश में जल भराव की समस्या आ रही थी।



### भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से निर्मित 4 दुकानों को किया ध्वस्त

जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के अंतर्गत भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से करीबन 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 4 अवैध दुकानो को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नरहितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अवेध दुकानों को तोड़ने अभियान चलाया गया। तोड़फोड़ से पहले संबंधित निर्माणकर्ता दुर्गेश सोनकर को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस भी दिया ।

## बात नहीं बनी तो हड़ताल जैसा कदम उठाने की चेतावनी

# स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग, आंदोलन की राह पर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रहे आउटसोर्सिंग के बाद कर्मचारियों में असंतोष पनपने लगा है। स्वास्थ्य कर्मचारी इसे लेकर अब आंदोलन की राह पर जाने की तैयारी में हैं। 22 जुलाई को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी निजीकरण को रोकने किसी तरह का ठोस पहल नहीं होने पर हड़ताल जैसा कदम उठाया जाएगा।

हाल में जिला अस्पतालों में संचालित हमर लैब की आउटसोर्सिंग की गई है। इससे राज्य के दस हजार से ज्यादा पैथॉलाजिस्ट का भविष्य संकट में आ गया है। इन कर्मचारियों को उनका मूल कार्यों से हटाकर लिपिक सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा हेल्थ सेक्टर के अन्य कार्यों को भी ठेका सिस्टम में चलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी फैलने लगी है और वे विरोध की तैयारी में जुट गए हैं। सोमवार को छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय कार्यालय में प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय और संरक्षक ओपी शर्मा की उपस्थिति में महासमिति की बैठक हुई। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। पैथालॉजी और फार्मेसी की आउटसोर्सिंग के अलावा चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल कोर्स के लिए स्टेट काउंसिल में पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किये जाने से प्रदेश के हेल्थ सेक्टर से जुड़े युवाओं के रोजगार का अवसर कम होगा। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचरियों, अधिकारियों के हजारों बच्चे चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल कोर्स कर अपना भविष्य तलाश रहे है। पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किए जाने से स्वास्थ्य विभाग में फर्जी डिग्री डिप्लोमाधारी लोगों की प्रवेश की आशंका बढ़ जाएगी। जिससे स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील प्रोफेशन में गुणवत्तापूर्ण इलाज पर भी सवालिया निशान खड़ा हो जाएगा। जीवनदीप कर्मचारियों के संबंध में एक स्पष्ट नीति निर्धारण करने प्रदेश में स्वास्थ्य आयोग का गठन किये जाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किये जाने के निर्णय लिया गया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 22 जुलाई को प्रदेश समस्त जिला मुख्यालय में संघ पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने मांग के समर्थन में नारेबाजी कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



# अनाड़ी कार चालक ने ई-रिक्शा को ठोका, स्कूल छात्र सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चार दिन पूर्व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की घटना

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व घर से स्कूल जाने निकले एक 12 साल के स्कूली छात्र तथा ई-रिक्शा चालक की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दोनों की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है। अनाड़ी कार चालक रांग साइड खड़ी कार को साइड कर रहा था, इस दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर होंडा सिटी कार को जब्त कर लिया है। एक्सीडेंट की घटना नौ जुलाई की है।

एक्सीडेंट में स्कूली छात्र रेयांश विभार, विनोद तांडी की मौत हुई है। रेयांश के बड़े चचेरा भाई लक्की बेहरा ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उसका छोटा भाई सुबह पौने 11 बजे स्कूल जाने के लिए निकला था। कलिंग नगर चौक के पास उसका भाई अर्जुन दीप के ई-रिक्शा में सवार हुआ। ई-रिक्शा चालक अन्य बच्चों के आने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान कार सीजी 04 एचसी 1272 के चालक ने तेज रफ्तार कार चलाते हुए पास खड़े दो ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से एक अन्य ई-रिक्शा के चालक विनोद, रेयांश के साथ अन्य चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पसात में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उपचार के दौरान विनोद तथा रेयांश की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस के आरोपी को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** एनडीपीएस के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने एक आरोपी को चार वर्ष कैद के साथ 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मो. रियाज खोखर उर्फ तेली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर कबीर नगर थाने की पुलिस ने उसे रिंगरोड क्रमांक-2 स्थित सोनडोंगरी नाला के पास घेराबंदी कर पकड़ा था।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार रात एसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम द्वारा शहर के 9 प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आधुनिक ब्रीथ एनॉलॉइजर मशीनों की सहायता से वाहन चालकों की जांच की गई। जिसमें 27 कार, 3 पिकअप, 3 दोपहिया एवं 2 ई-रिक्शा कुल 35 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए।

### आवासीय भवन में चल रहे वाटर फिल्टर प्लांट को किया सील

**रायपुर।** नगर निगम जोन 5 ने भाठागांव आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए संचालित लघु वाटर फिल्टर प्लांट को सील कर दिया। संचालक दिनेश वधानी को जोन नगर निवेश विभाग की टीम ने नोटिस जारी कर इसे बंद करने के निर्देश दिए थे। पर नोटिस की शर्तो का पालन नहीं किए जाने एवं आवासीय भवन में अवैध व्यवसायिक गतिविधियां का संचालन पाए जाने पर जोन 5 की टीम ने सोमवार को स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्टर प्लांट को तत्काल सीलबंद करने नियम अनुसार कार्रवाई की ।

# जिले में हुई चोरी के तीन मामलों का खुलासा, 12 आरोपी भेजे गए जेल, 21 लाख 39 हजार रुपए की संपत्ति भी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन बड़ी चोरियों का खुलासा जिला पुलिस ने करते हुए 12 आरोपियों से कुल 21 लाख 39 हजार 640 रुपए की संपत्ति जब्त की है। चोरी की घटनाओं में मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिंघोड़ा थाना अंतर्गत ग्राम रूढ़ा और तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम अछोली में हुई चोरी शामिल हैं।

**केस नंबर - 1**

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चोरी प्रकरण

हाउसिंग बोर्ड निवासी सुखेंद्र द्विवेदी के घर हुई चोरी के मामले मं पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसी टीवी फुटेज के आधार पर हुलिया, कद काठी, चाल ढाल के आधार पर आरोपियों की खोजबीन शुरू की। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम डोला थाना रामनगर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश मे दबिश दिया गया। जहां आरोपी मिथलेश उर्फ फक्के पिता स्व. सोनी सिंह (42 साल) निवासी वार्ड 11 जर्मनी टोला, खामहा थाना गोहपारू जिला शहडोल मध्यप्रदेश, रोशन मरावी पिता रमेश मरावी (25 साल), पंकज सिंह मरावी पिता रमेश सिह मरावी (28 साल) दोनों निवासी ग्राम डोला थाना रामनगर अनूपपुर मध्यप्रदेश, राजा सिंह पिता राजमणी धुर्वे (25 साल) निवासी वार्ड 18 नंदगांव थाना बिजुरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उसी दिन प्राथिया आशा रावत के यहां भी चोरी किया जाना स्वीकार किया। प्रकरण में संलिप्त दो आरोपी सोनू सिंह एवं विजय उर्फ ठुठूवा फरार है।

**केस नंबर - 2**

### छट्ठी कार्यक्रम में आए और बनाई चोरी की योजना, पारधी गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

इसी तरह सिंघोड़ा पुलिस ने पारधी गिरोह के सात आरोपियों और चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही 11 लाख 76 हजार की संपत्ति बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 23.06.26 को प्रार्थी हरिशचंद्र पटेल पिता धनी राम पटेल (62 साल) रूढ़ा ने पुलिस को बताया कि 22 जून को रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा घर के अंदर घुस कर आलमारी को उठाकर खेत में ले जाकर उसे तोड़कर उसमें रखे नकदी रकम एवं सोने का लटकन व 3 नग सोने की अंगूठी, 07 जोड़ी चांदी का पायल कीमत 95,000 रुपए की चोरी कर ली। विवेचना में पुलिस ने पाया कि घटना से एक दिन पूर्व ग्राम पैकिन में आरोपियों की मौजूदगी ग्राम पैकिन के आयुश कुमार के घर छट्ठी कार्यक्रम में थी। आयुश कुमार से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज दिखाकर तस्दीक करने पर आरोपियों की पहचान आरोपी आनंद पारधी पिता पकलु पारधी (46 साल), संजय पारधी पिता सुरज पारधी (27 साल), मन्नू पारधी पिता स्व काशीराम पारधी (45 साल), सूरजभान पारधी पिता स्व. कौशल पारधी (52 साल) निवासी रोहासी थाना पलारी जिला बलौदाबाजार, हेमलाल पारधी पिता स्व. बंशीलाल पारधी (44 साल) सांकरा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग, सुरेंद्र पारधी पिता नारायण पारधी (20 साल) उरला थाना उरला जिला दुर्ग, घनश्याम कोसले पिता स्व.विश्राम कोसले (38 साल) अमली तालाब खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर के रूप में की। चोरी का सामान खरीदने वाले अतुल पाटिल पिता अंकुल पाटिल (29 साल) निवासी रायपुर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**केस नंबर - 3**

### चोरी का खुलासा, आठ आरोपी गिरफ्तार

ग्राम अछोली में हुई चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। चोरी के आरोप में पुलिस ने सात और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12,46,000 रुपए की संपत्ति को बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि अछोली निवासी प्रार्थी देवेंद्र चंद्राकर के यहां 08 मार्च को हुई चोरी के मामले में पुलिस को जानकारी मिली कि ग्राम अछोली गांव का ही राहुल उर्फ भोजदास साहू का घटना के कुछ दिन बाद से ही रहन सहन में बदलाव देखा जा रहा है और वह अत्यधिक खर्च कर रहा है। शंका होने पर संदेही आरोपी राहुल उर्फ भोजदास साहू पिता तुकाराम साहू (25 वर्ष) निवासी ग्राम अछोली को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की नीयत से सबसे पहले आरंग स्थित एक हार्डवेयर दुकान से इलेक्ट्रिक ग्राइंडर खरीदा। घटना 08 से 09 मार्च 2026 की दरमियानी रात वह अपनी मोटर साइकिल से प्रार्थी के घर के पास पहुंचा। मोटरसाइकिल को स्कूल के पास छिपाकर वह स्कूल की दीवार के रास्ते छत पर चढ़ा और सीढ़ियों से नीचे उतरा। चैनल गेट का ताला काटने के लिए उसने घर के ही स्विच बोर्ड से ग्राइंडर को कनेक्ट किया और ताला काट दिया। अंदर घुसकर कमरे में रखी आलमारी के लॉकर को पेचकस से तोड़कर उसने सोने, चांदी के जेवरात और नगदी रकम की चोरी कर ली। उक्त संपत्ति सहित पुलिस ने कुल 7,26,940 रुपए के सामान को बरामद किया।

# दलहन-तिलहन उत्पादन के लिए किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

## खरीफ सीजन में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने किसानों को वितरित किए गए उड़द बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में खरीफ सीजन के दौरान फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पाइकपारा में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-16 पद्मनी प्रदीप भोई की उपस्थिति में किसानों को उड़द बीज का वितरण किया गया। जनपद सदस्य श्रीमती भोई ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर धान के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया। इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड के ग्राम बोंदानवापली में जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल ने किसानों को आत्मनिर्भर दलहन योजना के तहत उड़द बीज वितरित किया। उन्होंने किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया।



# जूट के बैग, मैट और सजावटी सामान के निर्माण से अवगत हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं को एक दिवसीय वास्तविक कार्यप्रणाली से रूबरू कराना था। जिसमें ब्लाक प्रिंटिंग और जूट से विभिन्न सामग्रियों को बनाने की कला शामिल है। यह कार्यशाला ग्राम मुरा स्थित कौशल विकास केंद्र में आयोजित की गयी, जिसका संचालन संस्था की सामाजिक उद्यम (सोशल इंटरप्राइजेस) इकाई अस्तित्व ग्रामीण हस्तशिल्प प्रक्रिया को लाइव देखा। विद्यार्थियों को जूट के बैग, मैट और सजावटी सामान बनाने वाली बड़ी इकाईयों की कार्यप्रणाली समझाई गयी। संस्थान के निर्देशक ने बताया हुनर को एक सफल व्यवसाय में कैसे बदल सकते हैं। जूट के इको फ्रेंडली उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण इस क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कार्यशाला में अस्तित्व फाउन्डेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनुपम दीवान की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन दीपाली नायडू, श्रद्धा वर्मा, वर्षा वर्मा, रेखा मिश्रा ने किया।



# चिरायु टीम ने किया सलिहाभांठा स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव की चिरायु टीम द्वारा डॉ. रुही के नेतृत्व में प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में 58 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ. ओंकार गुप्ता, योगेश्वरी ध्रुव, मीना पटेल साथ थी।

जांच दल द्वारा बच्चों की ऊँचाई और वजन नापते हुए सभी उपस्थित बच्चों को एक-एक कर बारीकी से जांच किया गया। बच्चों ने भी बिना किसी संकोच के डॉक्टर से आत्मीयता के साथ अपनी समस्याओं को बताया। आवश्यकतानुसार टीम द्वारा बच्चों को आवश्यक निर्देश के साथ दवाइयां भी दी गई। टीम द्वारा विभिन्न मौकों पर नियमित हाथ धोने की आदत विकसित करने और हाथ धोने के विभिन्न चरणों को प्रदर्शन कर बताया गया। स्वास्थ्य जांच के साथ ही टीम द्वारा गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा 2026 अंतर्गत बच्चों में स्वास्थ्य, स्वछता और स्वच्छ भोजन के प्रति जागरुकता के लिए कक्षा 4 व 5 के बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता भी कराया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 की मीरा ध्रुव के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण उन्हें पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर और शिक्षक रामेश्वर ढीढी ने चिरायू टीम के सहयोग और बच्चों को अच्छी जानकारी प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# जिला जेल बेमचा में बंदियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला, खेल के माध्यम से किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत जिला जेल बेमचा में बंदियों के लिए एक दिवसीय तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों के मानसिक तनाव को कम करना और खेल व सकारात्मक गतिविधियों के जरिए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यशाला में इस बार विशेष रूप से खोमन लाल साहू उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न रोचक और प्रेरणादायक खेलों के माध्यम से बंदियों को मानसिक रूप से सक्रिय और सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया। खेल गतिविधियों के जरिए बंदियों को यह सिखाया गया कि कैसे वे विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी टीम भावना, एकाग्रता और मानसिक संतुलन को बनाए रख सकते हैं। यह कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ बी महेश्वरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) नीलू घृतलहरे और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सीपी चंद्राकर के विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग से हुई। कार्यक्रम के दौरान जिला जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल बंदियों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। मेडिकल कॉलेज संबद्ध डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग और स्पर्श क्लिनिक की विशेषज्ञ टीम ने इस कार्यशाला में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं, जिसमें खेल के माध्यम से बंदियों का उत्साहवर्धन, मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता राम गोपाल खूंटे ने बंदियों को तनाव से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और योग प्रशिक्षक देव कुमार डडसेना ने मानसिक शांति के लिए योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस कार्यशाला में कुल 115 बंदियों ने हिस्सा लिया। खेल और योग सत्र के बाद, गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे 14 बंदियों को चिन्हित किया गया। इन्हें मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा व्यक्तिगत रूप से गहन मनो-सामाजिक परामर्श दिया गया।



**न्यायालय कलेक्टर महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// उपस्थिति सूचना//

जा.क्र. 948 14/07/26.
राजस्व प्रकरण कमांक :- 202605120100004/4 अ 6 वर्ष 2025-26
पेशी दिनांक 23.07.2026

प्रति
श्री अशोक कुमार पिता श्री मनोहर सोनी
निवासी ग्राम लालपुर (बागबाहरा,)
तहसील व जिला-महासमुंद (छ.ग.)

आवेदकगण हृषीकेष दुबे पिता कृष्णानंद दुबे एवं कृष्णानंद दुबे पिता ब्रजभूषण दुबे, निवासी ग्राम लालपुर, तहसील बागबाहरा, जिला-महासमुंद द्वारा प्रस्तुत शिकायत में ग्राम लालपुर, प.ह.नं. 129, तहसील-बागबाहरा, जिला-महासमुंद स्थित निस्तार पत्रक में शासकीय घांस मद में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1/1 क रकबा 433.15 एकड़ का भाग, खसरा नंबर 1/1 ट रकबा 1.522 हेक्टे. बिना काबिल काश्त घोषित हुए नाबालिक पुनिया बेवा अगनू वली सास मिलवन्तीन साहू द्वारा बिना कलेक्टर अनुमति के अन्तरण 1964 में हुई है एवं खसरा नंबर 2/6 रकबा 3.55 एकड़ अवयस्क के नाम दर्ज भूमि अन्य महिला द्वारा जिला न्यायालय से बिना अनुमति किए अंतरण वर्ष 1964, 1975 को अविधिक होने से राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार स्वप्रेरणा से क्षेत्राधिकार विहीन आदेश को शून्य किए जाने लेख किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा के प्रतिवेदन अनुसार आपके द्वारा वादभूमि को सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये बिना विक्रय कर वादभूमि के अंतरण में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 158 (3) एवं 165 (7-ख) का उल्लंघन किया जाना परिलक्षित है। वादबिन्दु की सुनवाई हेतु आपको सूचित किया जाता है कि प्रकरण में पेशी दिनांक 23.07.2026 दिन गुरूवार को समय दोपहर 03:00 बजे न्यायालय कलेक्टर महासमुंद, जिला महासमुंद में उपस्थित होकर अपना पक्ष / जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि को उपस्थित नही होने पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर एकतरफा कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में आदेश पारित किया जावेगा। (न्यायालय के आदेशानुसार)

मुहर

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते-कलेक्टर महासमुंद



# इंसानियत की मिसाल सांकरा में देर रात जब मारवाड़ी युवा मंच बना सहारा

**सांकरा।** बाहर से आई महिला और उनकी मासूम बच्ची, देर रात 9-10 बजे तक अमित गारमेंट्स दुकान के पास बैठी थीं। दरअसल, महिला को लेने के लिए उनके ससुराल अंशुला से लोग आने वाले थे। लेकिन काफी देर होने के बाद भी वहां से कोई उन्हें लेने नहीं पहुंचा। चिंता की बात यह थी कि फोन पर भी उनका संपर्क नहीं हो पा रहा था। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच सांकरा के सचिव सोनू गोयल की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझा और मंच के अध्यक्ष शुभम सिंघल को इसकी जानकारी दी। दोनों तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि उनका मामा घर बल्दीडीही में है और शौकी बरीहा उनके मामा हैं। महिला ने आग्रह किया कि उन्हें उनके मामा के घर छोड़ दिया जाए। बिना समय गंवाए, अध्यक्ष शुभम सिंघल एवं सचिव सोनू गोयल ने महिला और बच्ची को सुरक्षित उनके मामा घर बल्दीडीही पहुंचाया।

# मोंगरापाली में एक ही रात को 6 जगहों पर हुई चोरी

**तेंदूकोना।** क्षेत्र के किसान इन दिनों खेतों में लगे ट्यूबवेल व मोटर में लगे केबल चोरी से परेशान है। कार्रवाई के अभाव में चोरों के हौसले बुलंद है। जिससे ये चोर लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। यहां से महज दो किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मोंगरापाली में एक ही रात को 6 जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार रात को मोंगरापाली में 6 किसानों के खेत में मोटर पंप व केबल की चोरी हुई है, जिनमें चमन लाल साहू के खेत से 150 फीट केबल तार, लोकनाथ साहू के खेत से मोटर पंप व 100 फीट केबल तार, डेरहा राम साहू के खेत से 50 फीट केबल तार, किशुन देवांगन के खेत से 50 फीट केबल तार, सांताराम साहू के खेत से 100 फीट केबल तार व रेवती बाई साहू के खेत से 100 फीट केबल तार को चोरी हुई है। उक्त किसानों ने तेंदूकोना थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### तेंदूकोना साप्ताहिक बाजार में चोरी

ज्ञात हो कि तेंदूकोना का साप्ताहिक बाजार क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार है। जहां इन दिनों लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है, जिससे आमजन में दहशत व्याप्त है। पाकिटमार, मोबाइल व सायकल चोर इन दिनों इस बाजार में सक्रिय हो गए हैं। तेंदूकोना पुलिस द्वारा मुख्य चौराहा के अलावा बाजार में लगातार गस्त की जाती है। बावजूद बाजार में चोरी होना समझ से परे है।

## खेल योजनाओं पर भी गहन चर्चा कर लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**सरायपाली।** यूनाइटेड कराते एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्राथमिक शाला बाराडोली में एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों से जोड़ना और खेल के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। बैठक में आगामी खेल योजनाओं पर भी गहन चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष भोजराज साहू ने की। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष मुरलीधर डडसेना और संगठन सचिव अक्षय कंवर उपस्थित रहे। संगठन के सह-संस्थापक एवं संरक्षक सुंदर लाल डडसेना तथा जगदीश चौहान के मार्गदर्शन में बैठक की रूपरेखा तैयार की गई। और खेल विकास के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सह-संस्थापक एवं संरक्षक सुंदर लाल डडसेना ने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे की लत से दूर रखने का सबसे सशक्त माध्यम 'खेल' है। खेल न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और देश सेवा की भावना भी जगाते हैं। एसोसिएशन का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों तक खेल सुविधाओं को पहुंचाना और प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान करना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा छग महिला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बनीं निरंजना



**महासमुंद।** शहर की निरंजना चंद्राकर को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। मनोनयन पत्र में कहा गया है कि समाज के प्रति समर्पित सेवा भाव, कार्यकुशलता, योग्यता एवं क्षमता के साथ अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रति अभिरूचि को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर आपकी प्रतिभा एवं क्षमता का उपयोग संगठन के विकास, विस्तार एवं सशक्तिकरण के लिए करने का निर्णय लिया है।

### पंजीयन करने पॉलीटेक्निक में जागरुकता कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करती है। उक्त योजना में रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क हैं एवं वर्षभर किया जा सकता है। परंतु, युवाओं तक जानकारी के अभाव में पंजीयन कम हो रहे हैं।

### वीआईपी सुरक्षा के नाम पर सरकार का प्रति महीना करोड़ों खर्च : राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर वीआईपी सुरक्षा के नाम से जेड प्लस, वाई प्लस और जेड श्रेणी की सुरक्षा के नाम पर प्रतिमाह करोड़ों रुपए का खर्च किया जा रहा है। कुछ वीआईपी को छोड़कर बाकी कई बस्तर के पुराने राजा हैं और कई ऐसे और भी अधिकारी हैं, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है या फिर वह स्वयं ही उतने मजबूत है कि अपना खर्च स्वयं कर सकते हैं। कई राजाओं के पास हजारों एकड़ जमीन है, करोड़ों रुपए की इनकम है, फिर भी सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है। यह आम जनता में सीधा बोझ है। बिजली और महंगाई आम जनता झेलती है और सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए कुछ लोगों के पीछे राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों खर्चा कर रही है।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** कृषि विज्ञान केंद्र की 21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार 16 जुलाई को कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में केंद्र की वर्ष 2025 की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण एवं 2026 की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय में उपस्थित होने आग्रह किया है।

## समीक्षा : एचपीवी टीकाकरण के लिए सघन अभियान चलाकर लक्ष्य पूर्ण करें

# जिले में धान के बदले अन्य फसलों के लिए किसानों को सतत प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश




समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर लंगेह ने वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को खरीफ सीजन में धान के बदले दलहन, तिलहन फसलों को प्राथमिकता देने प्रोत्साहित करें। साथ ही प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा हरी खाद के उपयोग को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग के साथ नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शेष किसानों एवं वनाधिकार पट्टाधारकों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को यूरिया का आवश्यकतानुसार एकमुश्त मात्रा में प्रदान किया जाए, शेष खाद निर्देशानुसार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसानों को समसामयिक सलाह देते रहें। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले के सहकारी समितियों में अब तक 42 हजार 565 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। जिसमें 26 हजार 458 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने खाद के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को समय-समय में खाद वितरण की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। जिले में 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान किसी भी पात्र बालिका का टीकाकरण छूटने न पाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को शिक्षा विभाग के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर टीकाकरण के निर्देश दिए। साथ ही अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाए। कलेक्टर ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निर्धारित तिथि पर चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थानों में लेकर आएं तथा निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। जिले में अभी तक 3000 पात्र बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वयित करें। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में राजस्व विभाग को सतत नक्शा अपडेशन के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु पोर्टल, नक्शा बटांकन, सीमांकन, नामांकन, मुख्यमंत्री घोषणाओं, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खल्लारी विधायक ने विधानसभा परिसर में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने विधानसभा परिसर में अपनी माता देवकी देवी के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि अपनी माताओं के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रकृति के संरक्षण का एक भावनात्मक एवं सामाजिक संकल्प है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन और पर्यावरण को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माता के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। विधायक यादव ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाए और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करे, तो यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ वातावरण की मजबूत नींव साबित होगा। इस अवसर पर विधानसभा के उप नेता लखेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक इंदर शाह मांडवी तथा विधायक जनक ध्रुव उपस्थित रहे।



### सिरपुर क्षेत्र में 3 हाथियों की धमक, गांवों में अलर्ट

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बोरिद, चुहरी, अमलोर, छताल, तालाझर, मरौद, नांदबारू, रायकेरा, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरसाली, बंदोरा के ग्रामीणों को हाथियों की आमद के चलते विभाग द्वारा सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। बता दें कि 14 जुलाई की रात में 3 दंतैल कक्ष क्रमांक 173 से सुकलई नाला को पार करते हुए वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 174 में विचरण करने की सूचना विभाग को मिली। इन हाथियों के कक्ष क्रमांक 175,176,134 133,136 में जाने की संभावना को देखते हुए आसपास के गांवों के सतर्क किया गया है। सूचना देने वाले कर्मचारी नेमीचंद बरिहा (बीएफओ), अनुज कुमार (हाथी मित्र दल) एवं किशन साहू ने किसी भी ग्रामीणों को जंगल न जाने की हिदायत दी। साथ ही हाथियों को देखे जाने पर विभाग को सूचना देने की बात कही है।

## शाला प्रबंधन समिति गठित, रूपेंद्र अध्यक्ष व चंदूलाल उपाध्यक्ष निर्वाचित

### विद्यालय के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए मिलकर काम करेगी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

- प्राचार्य भूपेंद्र पढ़ीयार के निर्देशन में हुई बैठक, सर्वसम्मति से बनी 20 सदस्यीय समिति




शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 20 सदस्यीय शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र पढ़ीयार के कुशल निर्देशन में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें रूपेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष और चंदूलाल चक्रधारी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही 20 सदस्यीय समिति के सक्रिय सदस्यों का भी चयन किया गया, जो विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, विकास कार्यों और शैक्षणिक योजनाओं के सफल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

समिति के गठन के पश्चात प्राचार्य ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस नई और ऊर्जावान समिति के सहयोग से विद्यालय के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और छात्र-छात्राओं को अधिक बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष रूपेंद्र साहू ने सभी सदस्यों व विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया।

उन्होंने कहा कि यह समिति विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और विद्यार्थियों के सर्वोत्तम हित के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम करेगी। हम सभी शिक्षक, अभिभावक और प्रबंधन के साथ मिलकर विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पन्नालाल साहू, भास्कर प्रसाद यादव, रतनलाल कोसरे, नीलिमा भोई, वर्षा तिवारी, खगेश्वर प्रसाद साहनी, योगेश साहू, दुर्गेश चंद्राकर, कामता प्रसाद साहू आदि मौजूद रहे।

## तीन वर्षों तक फरार रहे रामगोपाल अग्रवाल का समर्थन क्यो कर रही कांग्रेस?: चंद्रनाहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- रामगोपाल को निर्दोष कथन कर कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाना आश्चर्यजनक



किसान मजदूर संघ छग के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने कहा है कि कोल की अवैध वसूली, अवैध शराब विक्रय एवं कस्टम मिलिंग से अवैध धन उगाही के आरोप में 03 वर्षों तक फरार रहे रामगोपाल अग्रवाल का कांग्रेस का समर्थन क्यों?

उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2023 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार के कार्यकाल में कोयला परिवहन में अवैध वसूली एवं अवैध शराब विक्रय की अवैध वसूली तथा निर्धारित से अधिक कस्टम मिलिंग की स्वीकृत कर भुगतान कर अवैध वसूली के हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार का मनी लांड्रिंग के आरोप में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल एवं पूर्व महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर, राइस एसोसिएशन के पदाधिकारी रोशन चंद्राकर, आईएएस अनिल टूटेजा एवं निरंजन दास, केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अरुणपति त्रिपाठी आदि को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। लेकिन, प्रमुख आरोपियों में से एक कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल 03 वर्षों से फरार घोषित थे। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो / एसीबी (ईओडब्ल्यू) के समक्ष आत्म समर्पण किए जाने के उपरांत रामगोपाल अग्रवाल को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में लिया गया। न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत होने एवं स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी होने के उपरांत फरार रहे रामगोपाल को निर्दोष अथवा दोषसिद्धि का आदेश करने का क्षेत्राधिकार सक्षम न्यायालय को है। परंतु, रामगोपाल को निर्दोष कथन कर कांग्रेस पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाना आश्चर्यजनक है।

अग्रवाल फरारी में 03 वर्षों तक कहां-कहां रहे और किन-किन व्यक्तियों ने प्रश्रय दिया, इसकी जांच कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरुकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि हेलमेट न पहनने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान की प्रभावी कार्रवाई करें। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि जिले में 4 नवीन ब्लैक स्पॉट के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किया जा रहा है। कलेक्टर लंगेह ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## नपा कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए एक करोड़ से अधिक राशि जारी : देवीचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए एक करोड़ छह लाख की राशि भेजी गयी है, जिससे 2 माह का वेतन भुगतान कर्मचारियों का हो पाएगा। अभी तक शासन के राशि भुगतान से ही नगर पालिका कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो पा रहा है। पूरी तरह नगर पालिका की आर्थिक हालत जर्जर हो गई है।

नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नगर पलिका में डेढ़ साल से कर्मचारियों के वेतन का भुगतान लगभग शासन स्तर पर ही हो पा रहा है। नगर पालिका अपने कर्मचारियों का भुगतान भी नहीं कर पा रही है। पूरी तरह शासन पर ही निर्भर है। राशि जारी होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों का 3 माह से वेतन भुगतान नहीं होने की जानकारी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने गंभीरता से प्रयास कर नगरीय प्रशासन मंत्री से आग्रह किया कि कर्मचारियों के भुगतान के लिए व्यवस्था बनायी जाए, जिस पर सरकार ने शीघ्र राशि दो माह के भुगतान के लिए जारी किया।

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा और चंद्रनाहू महिला समाज ने लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कुर्मी क्षत्रिय महासभा और चंद्रनाहू महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने वृहद पौधरोपण किया। इसके पूर्व कौशिक कॉलोनी में जनजागरूकता रैली निकाली गई।

महिलाओं ने पौधों के संरक्षण के लिए शपथ भी ली। पर्यावरण संतुलन और धरती को हरा-भरा बनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताई।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधानसभा परिसर में महासमुंद विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, विभागों के मंत्रीगण एवं समस्त विधायकगण सम्मिलित होकर पौधरोपण किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी कार्यक्रम में पौधरोपण किया। साथ ही पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद से ही अलग-अलग क्षेत्रों में इस अभियान के तहत पौधा रोपण किया जा रहा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी इस अभियान के तहत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल सहित अन्य स्थानों में पौधरोपण किया था। मंगलवार को उन्होंने विधानसभा परिसर में भी पौधरोपण कर इस अभियान में अपना एक और योगदान दिया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि आप भी इस अभियान से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें। इससे हमारे पर्यावरण को काफी लाभ पहुंचेगा। पर्यावरण संरक्षण में आप सभी की भागीदारी रहेगी। क्योंकि पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित रखना देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

